# चंडीगढ़ मेयर चुनाव में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुच्छेद 142 का उपयोग

## प्रलिम्सि के लयि:

भारत का सर्वोच्च न्यायालय, अनुच्छेद 142, न्यायकि सक्रयिता, मौलकि अधकिार, न्यायकि अतरिक

## मेन्स के लयि:

अनुच्छेद 142 का महत्त्व, भारत में न्यायकि सक्रयिता की वैधता

स्रोत: इंडयिन एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में चंडीगढ़ मेयर चुनाव के परणिाम जारी कयि गए तथा सर्वोच्च न्यायालय ने संवधिान के अनुच्छेद 142 को कार्यान्वति करते हुए चुनाव के परणिाम रद्द कर दयि जसिके परणिामस्वरूप यह चर्चा का वषिय बन गया।

## सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 142 का उपयोग क्यों कयिा?

- सर्वोच्च न्यायालय ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में **न्याय सुनश्चिति करने** और निर्वाचन प्रक्रयिा **की पवति्रता** बनाए रखने के लयि अनुच्छेद 142 कार्यान्वति कयिा।
    - **पीठासीन अधकिारी के अवैध आचरण के परणिामस्वरूप नरि्वाचन प्रक्रयिा में अनयिमतिताएँ** हुईं जसिमें अधकिारी ने प्रतदि्वंद्वी के पक्ष में प्राप्त आठ मतों को अमान्य कर वजिता की घोषणा की जसिके कारण गलत वजिता की घोषणा हुई।

## भारतीय संवधिान का अनुच्छेद 142 क्या है?

- **सर्वोच्च न्यायालय को सशक्त बनाना:**
    - अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को उसके समक्ष लंबति कसिी मामले अथवा वाद में **पूरण न्याय** करने के लयि आवश्यक कोई भी डक्रिी अथवा आदेश पारति करने का अधकिार देता है।
        - ये डक्रिी अथवा आदेश न्यायकि हस्तक्षेप के लयि महत्त्वपूरण साधन हैं क्योंक इन्हें भारत के संपूरण राज्य क्षेत्र में कार्यान्वति कयिा जा सकता है।
- **वधिकि सीमाओं से अतरिक्ति शक्त:**
    - अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को इसमें शामलि सभी पक्षों के लयि न्याय सुनश्चिति करने के लयि मौजूदा वधियिों अथवा वधि के दायरे से परे जाकर न्यायकि हस्तक्षेप करने का प्रावधान करता है।
        - यह न्यायालय को आवश्यकता पड़ने पर कार्यकारी और वधिायी भूमकिाओं सहति नरि्णय से परे कार्य करने में सक्षम बनाता है।
    - कई अन्य कानून जैसे क**अनुच्छेद 32** (जो **संवैधानकि उपचारों के अधकिार की गारंटी** देता है), **अनुच्छेद 141** (जसिके लयि सभी भारतीय न्यायालयों को सर्वोच्च न्यायालय के नरि्णयों का पालन करना आवश्यक है) तथाअनुच्छेद 136 (जो वशिेष अनुमत याचकिा की अनुमत देता है), अनुच्छेद 142 को समरथन प्रदान करते हैं।
        - इस सामूहकि ढाँचे को "न्यायकि सक्रयिता" शब्द से जाना जाता है। इस वचिार के परणिामस्वरूप सर्वोच्च न्यायालय ने**"पूरण न्याय"** प्रदान करने के लयि प्राय: संसदीय कानूनों को खारजि कर दयिा है।
- **सार्वजनकि हति के मामलों में हस्तक्षेप करना:**
    - यह प्रावधान सर्वोच्च न्यायालय को **सार्वजनकि हति, मानवाधकिार, संवैधानकि मूल्यों अथवा** मौलकि अधकिारों **से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप** करने का अधकिार देता है।
    - यह संवधिान के संरक्षक के रूप में न्यायालय की भूमकिा को सुदृढ़ करता है और साथ ही उल्लंघनों के वरिुद्ध सुरक्षा सुनश्चिति करता है।
- **अनुच्छेद 142 के अंतरगत शक्तयिों के दायरे को स्पष्ट करने वाले नरि्णय:**
    - **यूनयिन कार्बाइड कॉर्पोरेशन बनाम भारत संघ (1991):**

- सर्वोच्च न्यायालय ने UCC को **भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों के लिये मुआवज़े** में 470 मिलियिन अमरीकी डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया, **अनुच्छेद 142 (1)** के व्यापक दायरे पर प्रकाश डाला और स्पष्ट किया कि इसकी **शक्तियाँ एक भिन्न गुणवत्ता तथा वैधानिक निषेधों के अधीन नहीं** हैं।
- **सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन बनाम भारत संघ (1998):**
  - शीर्ष न्यायालय ने इस बात पर ज़ोर दिया कि **अनुच्छेद 142 के तहत शक्तियाँ पूरक** हैं और इसका उपयोग **मूल कानूनों को समाप्त करने के लिये नहीं किया** जाना चाहिये।
    - न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ये **शक्तियाँ उपचारात्मक प्रकृति** की हैं और इनका उपयोग वादियों के अधिकारों की अनदेखी करने अथवा वैधानिक प्रावधानों को दरकिनार करने के लिये नहीं किया जाना चाहिये।
- **ए जिदेंद्रनाथ बनाम जुबली हिल्स को-ऑप हाउस बिल्डिंग सोसाइटी (2006):**
  - सर्वोच्च न्यायालय ने इस बात पर ज़ोर दिया कि अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्ति का प्रयोग करते समय, किसी ऐसे व्यक्ति पर कोई अन्याय नहीं किया जाना चाहिये जो मामले में पक्षकार नहीं है।
- **कर्नाटक सरकार बनाम उमादेवी (2006):**
  - सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 142 के तहत **"पूर्ण न्याय" का अर्थ कानून के अनुसार न्याय है, न कि सहानुभूति, एवं न्यायालय ऐसी राहत नहीं देगी जो विधायी क्षेत्र में अवैधता का अतिक्रमण** करती हो।

- **आलोचना:**
  - **शक्तियों के पृथक्करण** का अतिक्रमण करने का जोखिम, **न्यायिक सक्रियता की आलोचना को आमंत्रित** करना।
  - आलोचकों का तर्क है कि **अनुच्छेद 142 न्यायपालिका को पर्याप्त जवाबदेही के बिना व्यापक शक्तियाँ प्रदान** करता है, जिससे संभावित रूप से **न्यायिक अतिरेक** हो सकता है। हालाँकि ये शक्तियाँ असाधारण मामलों के लिये आरक्षित हैं जहाँ मौजूदा कानून अपर्याप्त हैं।
  - न्यायालय के प्राधिकार की सीमा और विधायी या कार्यकारी डोमेन में उसके हस्तक्षेप पर विवादों की संभावना होती है।

| न्यायिक सक्रियता | न्यायिक अतिरेक |
|---|---|
| देश की **कानूनी तथा संवैधानिक व्यवस्था को संरक्षित** करने एवं **नागरिकों के अधिकारों को बनाए रखने में न्यायपालिका की सक्रिय भूमिका** के रूप में परिभाषित किया गया है। | जब न्यायपालिका अपने कानूनी **प्राधिकार या अधिकार क्षेत्र से आगे बढ़कर विधायी या कार्यकारी कार्यों में हस्तक्षेप** करती है। |
| यह सुनिश्चित करता है कि **कानून संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन** करते हैं। | लोकतंत्र में यह अवांछनीय है क्योंकि यह **शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन** करता है। |
| **सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा** देने के साथ-साथ कमज़ोर समूहों की सुरक्षा करता है। | लोकतंत्र को कमज़ोर कर सकता है। |
| विशिष्ट परिस्थितियों के आधार पर न्यायिक सक्रियता की वैधता पर प्राय: बहस होती है। | सामान्य रूप से इसे गैरकानूनी एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिये हानिकारक माना जाता है। |

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न. भारत के संविधान के संदर्भ में सामान्य विधियों में अंतर्विष्ट प्रतिषेध अथवा निबंधन अथवा उपबंध, अनुच्छेद 142 के अधीन सांविधानिक शक्तियों पर प्रतिषेध अथवा निर्बंधन की तरह कार्य नहीं कर सकते। निम्नलिखित में से कौन-सा एक इसका अर्थ हो सकता है? (2019)**

(a) भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते समय लिये गए निर्णयों को किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
(b) भारत का उच्चतम न्यायालय अपनी शक्तियों के प्रयोग में संसद द्वारा निर्मित विधियों से बाध्य नहीं होता।
(c) देश में गंभीर वित्तीय संकट की स्थिति में भारत का राष्ट्रपति मंत्रिमंडल के परामर्श के बिना वित्तीय आपात घोषित कर सकता है।
(d) कुछ मामलों में राज्य विधानमंडल, संघ विधानमंडल की सहमति के बिना विधि निर्मित नहीं कर सकते।

**उत्तर: b**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sc-s-use-of-article-142-in-chandigarh-mayoral-election